निगम के अधिकारी कर्मचारियो ने अपने–अपने विभागो में किये साफ–सफाई। आयुक्त निकले निरीक्षण करने

भिलाईनगर। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत प्रशासनिक कार्यालय की साफ–सफाई किया जाना आज का थीम था। नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय एवं सभी जोन कार्यालय में सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारियो ने अपने–अपने विभाग में सफाई अभियान चलाया। अपने बैठने की जगह से शुरू करके सभी जगहो पर साफ–सफाई किये। लिपिक अधिकारी अपने–अपने जगहो की साफ–सफाई कर व्यवस्थित किये। कम्प्युटर ऑपरेटरों ने भी अपने–अपने विभागों के कम्प्युटर सिस्टम, आलमारी एवं अन्य जगहो की साफ–सफाई किये।आयुक्त बजरंग दुबे मुख्य कार्यालय के सभी विभागों में जाकर साफ सफाई का निरीक्षण किये। विभाग के अधिकारी कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किये। सभी को अपनी फाइलों रजिस्टर एवं पंजी को व्यवस्थित करने के लिए कहे । भवन संधारण विभाग को कुछ आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए आने वाली पब्लिक के लिए बैठने की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। कर्मचारियों से चर्चा के दौरान बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा में इसको जोड़ने का उददेश्य सफाई के प्रति रूचि पैदा करना, अपनी जिम्मेदारी समझना यह नहीं सोचना है। यह काम मेरा नहीं है, सफाई की शुरूवात खुद से होती है। अकसर हम अधिकारी कर्मचारी सोचते है कि यह काम मेरा नहीं है। स्वच्छता के प्रति अपनी जवाबदेही तय करने के लिए ही स्वच्छता पखवाड़ा में प्रशासनिक कार्यालय की साफ सफाई को जोड़ा गया है।